समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# SCO बैठक मे गंरजे राजनाथ सिंह : आतंकवाद पर पाकिस्तान को लगाई फटकार, चीन के सामने भी रखी दो टूक बात।

Publisher

Published on 26 Jun 2025



## SCO रक्षा मंत्रियों की बैठक मे भंारत के रक्षा मंत्री ने आतंकवाद पर पाकिस्तान को लताड़ा और चीन को भी स्पष्ट संदेश दिया—"शांति और आतंकवाद साथ नहीं चल सकते।"

**किंगदाओ (चीन), 26 जून 2025: शंघाई सहयोग संगठन (SCO)** की **रक्षा मंत्रियों की बैठक** के दौरान भारत के रक्षा मंत्री **राजनाथ सिंह** ने आतंकवाद के मुद्दे पर **पाकिस्तान** और **चीन** को सख्त लहजे में चेतावनी दी। उन्होंने साफ कहा कि भारत आतंकवाद को किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं करेगा।

बैठक में पाकिस्तान के **रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ** भी मौजूद थे, जिनके सामने ही राजनाथ सिंह ने **सीमा पार आतंकवाद** और पाकिस्तानी नीति की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि कुछ देश आतंकवाद को राज्य नीति के रूप में अपना चुके हैं और अब इस दोहरे रवैये को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**'ऑपरेशन सिंदूर' और पहलगाम हमले का जिक्र**

राजनाथ सिंह ने हाल ही में हुए **पहलगाम आतंकी हमले** का ज़िक्र करते हुए कहा कि **22 अप्रैल 2025** को '**द रेजिस्टेसं फ्रंट**' नामक आतंकी संगठन ने निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया, जिसमें एक नेपाली नागरिक की मौत हो गई। यह संगठन **लश्कर-ए-तैयबा** से जुड़ा है, जो पहले ही **संयुक्त राष्ट्र** की प्रतिबंधित सूची में शामिल है।

### चीन और रूस के सामने भी रखे विचार

बैठक में चीन और रूस के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज की सबसे बड़ी चुनौतियां **कट्टरपंथ, उग्रवाद और आतंकवाद** हैं। उन्होंने कहा कि शांति और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते और इसके खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक कार्रवाई आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि **SCO** को ऐसे देशों की आलोचना करनी चाहिए जो आतंकियों को संरक्षण देते हैं। उन्होंने भारत के प्राचीन सिद्धांत "**सर्वे जना सुखिनो भवन्तु**" का ज़िक्र करते हुए **वैश्विक सहयोग** का आह्वान किया।

### द्विपक्षीय वार्ता की संभावना

इस दौरान **राजनाथ सिंह** की चीनी और रूसी रक्षा मंत्रियों से द्विपक्षीय बातचीत की भी संभावना जताई गई है। यह यात्रा इसलिए भी अहम मानी जा रही है क्योंकि **मई 2020** के **भारत-चीन सीमा विवाद** के बाद किसी **वरिष्ठ भारतीय मंत्री** की यह पहली चीन यात्रा है।

### राजनाथ सिंह का X (Twitter) पर बयान

चीन रवाना होने से पहले राजनाथ सिंह ने 'X' (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा था:
"मैं वैश्विक शांति और सुरक्षा को लेकर भारत का दृष्टिकोण साझा करूंगा और आतंकवाद के खिलाफ सामूहिक प्रयास की दिशा में काम करूंगा।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.